सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 11 फरवरी, 2025

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी मेडिसिन, रूस के छात्रों और संकाय सदस्यों ने भेंट की। छात्रों और संकाय सदस्यों का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 5 फरवरी से 16 फरवरी तक गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर के शैक्षणिक भ्रमण पर है। वे यहां वेटरनरी एंड एनिमल साइंस कॉलेज में संकाय सदस्यों के साथ चर्चा और शोध व तकनीकी जानकारियों का आदान–प्रदान कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जी.बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर और सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी मेडिसिन के बीच पशु चिकित्सा विज्ञान में शोध एवं प्रशिक्षण को सुदृढ़ करने हेतु एमओयू किया गया है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने रूस से आए छात्रों का स्वागत करते हुए उनसे संवाद किया और उनके अनुभवों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने भारत और रूस के बीच वर्षों से चले आ रहे मैत्रीपूर्ण संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह शैक्षणिक साझेदारी भी शोध, अकादमिक सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देगी। उन्होंने दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुए समझौते को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे छात्र विनिमय कार्यक्रम, अनुसंधान परियोजनाएं और शैक्षणिक संवाद को मजबूती मिलेगी। राज्यपाल ने इस सहयोग को शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुसंधान–आधारित प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए भविष्य में और अधिक छात्र–शिक्षक आदान–प्रदान को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर जी.बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान, सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी मेडिसिन की प्रमुख डॉ. लियूटिक एकाटेरिना, विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक डॉ. शिव प्रसाद, संकाय सदस्य गण एवं रूस से आए छात्र प्रतिनिधिमंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

...........0............